अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)
website: www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक /3620 परीक्षा–गोपनीय / 2020 दिनांक 25/08/2020

प्रति

प्राचार्य,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय एवं
विभागाध्यक्ष,
विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

विषयः– **पी.जी.सेमेस्टर द्वितीय एवं चतुर्थ की मुख्य परीक्षा/पी.जी. तृतीय सेमेस्टर की विशेष एटीकेटी/विधि/यू.टी.डी की मुख्य परीक्षा एवं विशेष एटीकेटी. की परीक्षा फार्म भरने एवं महाविद्यालय द्वारा** आंतरिक अंक पोर्टल में दर्ज करने एवं परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि में वृद्धि करने बाबत्।

––00––

उपरोक्त विषयांतर्गत अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग को सूचित किया जाता है कि उक्त कक्षा/सेमेस्टर के छात्र छात्राओं हेतु पूर्व में जारी अधिसूचना **क्रमांक 3575/परीक्षा–गोप/2020 दिनांक 10.08.2020 एवं क्र. 3606/परीक्षा–गोपनीय/ 2020 दिनांक 14.08.2020 में दी गई समयावधि के बाद भी कुछ छात्र–छात्राएं परीक्षा आवेदन नहीं कर पाये हैं, ऐसा प्रतीत होता है कि विश्वविद्यालय द्वारा छात्रहित में तीन बार परीक्षा तिथि में वृद्धि करने के बावजूद भी छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म न भरना घोर उदासीनता एवं लापरवाही का परिचायक है। अतः अंतिम अवसर के रूप में 100/– विलंब शुल्क के साथ दिनांक 25.08.2020 से 31.08.2020 तक परीक्षा आवेदन करने की तिथि में वृद्धि की जाती है।** छात्र–छात्राओं द्वारा उक्त तिथि अनुसार आनलाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरकर महाविद्यालय/यू.टी.डी. में जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक **01.09.2020** तक निर्धारित की जाती है तथा परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी महाविद्यालय/यू.टी.डी. द्वारा विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में **दिनांक 02.09.2020** तक अनिवार्यतः जमा करने हेतु निर्देशित किया जाता है।

साथ ही **पी.जी.सेमेस्टर/यू.टी.डी.** के जिन सेमेस्टर परीक्षाओं का आयोजन होना है एवं जिन सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं को प्रमोट किया जाना है, उन छात्र–छात्राओं का आंतरिक मूल्यांकन के अंक महाविद्यालय द्वारा आवश्यक रूप से विश्वविद्यालय के पोर्टल में दर्ज करने हेतु **दिनांक 01.09.2020** तक एवं **विधि संकाय हेतु दिनांक 10.09.2020** तक तिथि में वृद्धि की जाती है एवं इसके बाद भी यदि किसी महाविद्यालय द्वारा आनलाईन आंतरिक अंक दर्ज नहीं किया जाता है तो आफलाईन आंतरिक अंक विश्वविद्यालय में स्वीकार नहीं किये जायेंगे जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी महाविद्यालय की होगी।

नोटः– **पी.जी.सेमेस्टर के चतुर्थ सेमेस्टर में वर्तमान में सम्मिलित हो रहे ऐसे छात्र छात्राएं जिन्हे तृतीय सेमेस्टर में एटीकेटी प्राप्त हुआ हैं, एवं प्रथम सेमेस्टर में उत्तीर्ण हो ऐसे ही छात्र–छात्राओं को तृतीय सेमेस्टर की विशेष एटीकेटी का परीक्षा आवेदन फार्म उक्त तिथि तक भरना अनिवार्य होगा। साथ ही शिक्षण विभाग के विशेष एटीकेटी छात्रों को भी निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से परीक्षा फार्म भरने हेतु सूचित/निर्देशित किया जाता है।**

आदेशानुसार
25/8/20
परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक /3621 परीक्षा–गोपनीय / 2020 दिनांक 25/08/2020

प्रतिलिपिः–

1. माननीय कुलपति महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3. वित्ताधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर, को सूचनार्थ।

25/8/2020
अधीक्षक (परीक्षा)